मतदाता जागरूकता के लिए कैंपस एनरोलमेंट कैंप का हुआ आयोजन

■ **गुरूज्योति पत्रिका. नीमकाथाना।** सेठ नंदकिशोर पटवारी राजकीय महाविद्यालय नीमकाथाना में प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता के लिए कैंपस एनरोलमेंट कैंप का आयोजन हुआ। निर्वाचन साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. इंद्राज यादव ने बताया कि कैंप में महाविद्यालय के वे छात्र-छात्राएं जिन्होंने 17 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है , उन्हें वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से वोटर कार्ड की रजिस्ट्रेशन की जानकारी सुभाष एवं रणवीर के द्वारा दी गई । इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. देवी प्रसाद ,डॉ. हरिशंकर यादव, डॉ. प्रदीप मिठारवाल, डॉ. अवधेश कुमार शर्मा एवम् सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Hall
I
एस.एन.के.पी राजकीय महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना

Hall
I
एस.एन.के.पी राजकीय महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना
आज़ादी का
अमृत महोत्सव

GPS Map Camera
Neem Ka Thana,RJ,India
Modi Bagh Colony, Neem Ka Thana, 332713, RJ, India
Lat 27.739709, Long 75.790506
11/16/2022 12:08 PM GMT+05:30
24°C
11° N
Maps

एसएनकेपी राजकीय महाविद्यालय में समिति के तत्वाधान में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

वाद-विवाद का विषय 'सोशल मीडिया की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम हैं'

वीर वीरांगना

नीमकाथाना। सेठ नंदकिशोर पटवारी राजकीय महाविद्यालय में समिति के तत्वाधान में प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया। डॉक्टर इंद्राज यादव ने बताया कि 15 नवंबर को निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ हरीश कुमार ने की। जिसमें पक्ष में करण सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ज्योति मेहरा ने द्वितीय स्थान पर तथा दीपक मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार विपक्ष में शिवानी शेखावत प्रथम स्थान पर रही वहीं निहारिका जेब द्वितीय स्थान पर एवं वर्षा सैनी तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में डॉक्टर चंद्रप्रभा, डॉक्टर सुभाष नेहरा एवं डॉक्टर अवधेश कुमार शर्मा 'अनिल' ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। प्रतियोगिता के दौरान समिति के संयोजक डॉक्टर देवी प्रसाद वर्मा, रश्मि खेदड़, डॉ राजीव रंजन, प्रोफ़ेसर मनीषा तथा अन्य संकाय सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.हरिश कुमार ने की।

CS Scanned with CamScanner